an>

Title: Need to construct dam on river Kosi in Supaul parliamentary constituency, Bihar.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल)ः मेरे संसदीय क्षेतू सुपौल के अन्तर्गत किशनपुर पूखंड के हांसा, चमेतवा, झखराती, मोमिन टोला, पीरगंज तेलियारी बेला, सुजानपुर गांव कोशी की विभीषिका से काफी पूभावित है। सिंचाई विभाग बिहार सरकार के द्वारा उव्त गांवों को बाढ़ एवं कटाव से बचाव हेतु नदी के किनारे 1500 मीटर में बांध बनाने हेतु निविदा की गई है, जो उस स्थल पर बांध एवं बचाव हेतु नाकाफी है, जिससे स्थानीय विस्थापितों में भयंकर आक्रोश है एवं इसके लिए चरणबद्ध आन्दोलन भी किया जा रहा है। उव्त स्थल में पूरब एवं पश्चिम तरफ करीब 10 किलोमीटर तक अतिरिव्त बांध का निर्माण आवश्यक है एवं बाढ़ विस्थापितों के निदान हेतु किशनपुर पूखंड के पूस्तावित दस गांवों एवं सुपौल पूखंड के घुरण पूर्वी कोशी तटबंध के 62वें किलोमीटर तक नदी किनारे लगभग 4000 मीटर में भी बांध बनाया जाना अति आवश्यक है। यह बांध बनने से इस इलाके के करीब 15 लाख आबादी को राहत मिलेगी एवं पूायः पूत्येक साल आने वाले बाढ़ से होने वाली जान माल के नुकसान को रोका जा सकेगा।

अतः मैं सरकार से मांग करती हूं कि अविलम्ब उव्त स्थल पर पुख्ता बांध बनवाया जाए ताकि मेरे क्षेतू की आम जनता को कोशी की विभीषिका से मुव्ति मिल सके।